(ख) क्या भारत और पाकिस्तान इस बात के लिए वचनबद्ध हैं कि दोनों देशों के धार्मिक स्थलों को नष्ट नहीं किया जाएगा ;

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(घ) ऐसी कार्यवाही रोकने के लिए सरकार का क्या करने का विचार है ?

**विदेश मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह)** : (क) हमने इस आशय की खबरें देखी हैं।

(ख) जी हां।

(ग) और (घ). पूर्वी बंगाल में अनिश्चित स्थिति होने के कारण, पाकिस्तानी सेना के इस विशेष अपवित्रीकरण और बर्बरता के कार्य के पूर्ण विवरण का पता लगाना कठिन है। लेकिन इस घटना से सम्बद्ध पूर्ण तथा प्रामाणिक सूचना एकत्र करने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं और अगर यह खबर सही पाई गई तो हम इस मामले को पाकिस्तान सरकार के साथ उठायेंगे और नेहरू लियाकत करार के इस घोर उल्लंघन की ओर उनका ध्यान आकृष्ट करेंगे।

## बिहार के सहरसा जिले में मिट्टी के तेल की कमी

3851. **श्री चिरंजीब झा** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के सहरसा जिले में मिट्टी के तेल की अत्यधिक कमी है ;

(ख) क्या सहरसा बरौनी के निकट होने के बावजूद मिट्टी का तेल बरौनी के दूरस्थ स्थानों पर तो भेजा जाता है परन्तु सहरसा में नहीं भेजा जाता और इसके विपरीत सहरसा को पटना अथवा अन्य स्थानों से मिट्टी का तेल सप्लाई किया जाता है ;

(ग) क्या सहरसा में आये दिन मिट्टी के तेल की कमी का यह भी एक कारण है ; और

(घ) क्या सरकार स्थिति में सुधार करने के लिए उचित प्रबन्ध करेगी ?

**पेट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) मई तथा जून, 1971 के प्रथम पक्ष के दौरान, सहरसा जिले सहित बिहार में मिट्टी के तेल की कमी थी। मिट्टी के तेल को हल्दिया से बरौनी तक पम्प करने की नई योजना के लागू होने के परिणामस्वरूप तब से स्थिति में पर्याप्त सुधार हो गया है, जैसाकि निम्नलिखित आंकड़ों से ज्ञात हो सकेगा :

| | |
|---|---|
| मई, 71 के अन्तर्गत सप्लाई | 9,200 मीटरी टन |
| जून, 71 के अन्तर्गत सप्लाई | 14,900 मीटरी टन |
| प्रतिशत वृद्धि | 62 प्रतिशत |

(ख) बरौनी परिष्करणशाला में प्रौद्योगिकी सम्बन्धी आवश्यकताओं से मिट्टी के तेल के प्रपुंज उत्पादन की जरूरत है जिसे बरौनी कानपुर पाइपलाइन में आवश्यक रूप से पम्प करना पड़ता है ताकि यह पाइपलाइन चालू रहे। ऐसा न करने से, पाइपलाइन एवं परिष्करणशाला को चालू नहीं रखा जा सकता है। इसलिये, सहरसा सहित, बिहार की आवश्यकताओं को अधिकांशत: कलकत्ता से रेल प्रेषणों से पूरा किया जाता है। तथापि, 15 जून, 1971 के बाद मिट्टी का तेल सीधे हल्दिया से बरौनी, पटना एवं उस से आगे तक पम्प किया जा रहा है और सहरसा तथा बिहार के अन्य क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बरौनी तथा पटना के बाहर खुले तौर पर दिया जाता है।

(ग) सहरसा में मिट्टी के तेल में कमी कलकत्ता से तेल को रेल द्वारा भेजने में हुई कठिनाई के कारण हुई है।

(घ) प्रश्न के भाग (ख) को दृष्टि में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

### Grant of Passports during 1970

3852. SHRI DEVINDER SINGH GARCHA : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) the number of persons who applied for the grant of passports in the year 1970 and how many among them were students ;

(b) how many students were issued passports during 1970 ;

(c) whether all students who got the passports were for higher studies, facilities for which are not available in India ;

(d) whether Government obtain an undertaking from these students that after the completion of studies they would return and serve Government for a specified period; and

(e) if so, the main features thereof ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH) : (a) to (e). The required information is being collected and it will be laid on the Table of the House.

### Concentration af Pak Army near Indian Border Town Karimganj

3853. SHRI DEVINDER SINGH GARCHA : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) whether the attention of Government has been drawn to a Press report that Pakistan army is massing up near the Indian border town of Karimganj ; and

(b) if so, what steps Government have taken or propose to take to meet the said situation ?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM) : (a) and (b). Government have seen Press reports to this effect. Government continue to take note of the changes in the position of West Pakistani forces across our borders with East Bengal. Our security forces have instructions to take appropriate action to meet any contingencies that may arise.

### Alleged arrest of Indian Military Personnel for Spying Activities

3854. SHRI B.K. DASCHOWDHURY : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) the number of Indian military personnel with their ranks arrested for their spying activities during the East Bengal conflict so far ; and

(b) what preventive measures Government propose to save the defence of the country from such anti-social elements in future ?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM) : (a) A Corporal of the Indian Air Force has been arrested under the Official Secrets Act, for being in the possession of classified Service papers and documents. The matter is still under investigation.

(b) Elaborate security instructions are already in existence to counter espionage activities. Directions have been issued that they should be strictly enforced.

### Election to Agartala Municipality

3855. SHRI BIREN DUTTA : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state :

(a) for how many years the Agartala Municipality has been kept under the Administrator by the Tripura Administration ;

(b) whether the Judicial Commissioner, in a Writ Petition, has given opinion for holding elections to that Municipality ; and

(c) the reasons for not allowing elections of the Agartala Municipality ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI D. P. CHATTOPADHYAYA) : (a) 16 years.

(b) Yes.